इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

**BPCC-101**

# मनोविज्ञान : एक परिचय

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

## विशेषज्ञ समिति


प्रो. विमला वीराराघवन
पूर्व एमेरिटस प्रो. मनोविज्ञान
इग्नू, नई दिल्ली

प्रो. करुणा निधी
विभाग प्रमुख, मनोविज्ञान विभाग
मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नई

डॉ. एस., पी. के. जेना
एसोसिएट प्रोफेसर
मनोविज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

डॉ. सुहास शेट गोवेकर
प्रोफेसर, मनोविज्ञान
एसओएसएस, इग्नू, नई दिल्ली

डॉ. स्वाति पात्रा
प्रोफेसर, मनोविज्ञान
एसओएसएस, इग्नू, नई दिल्ली

डॉ. मोनिका मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, मनोविज्ञान
एसओएसएस, इग्नू, नई दिल्ली

डॉ. स्मिता गुप्ता
सहायक प्रोफेसर, मनोविज्ञान
एसओएसएस, इग्नू, नई दिल्ली

डॉ. आशिमा नेहरा
तंत्रिका मनोविज्ञान, एम्स दिल्ली


**पाठ्यक्रम समन्वयक**


डॉ. स्मिता गुप्ता, मनोविज्ञान
एसओएस


## पाठ्यक्रम निर्माण दल

| खंड | खंड का नाम | इकाई लेखक | अनुवादक | पुनर्रीक्षण | संपादक |
|---|---|---|---|---|---|
| **खंड 1** | **मनोविज्ञान का परिचय** | | | | |
| इकाई 1 | मनोविज्ञान की उत्पत्तिः | प्रो. अमूल्य खुराना मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल, IIT दिल्ली (BPC-001, ब्लॉक से अनुकूलित) | सोनम मिश्रा प्रतिलेखक इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद त्रिपाठी, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता एवं डॉ आरती सिंह इग्नू, नई दिल्ली |
| इकाई 2 | मनोविज्ञान की प्रवृत्ति और क्षेत्र | प्रो. अमूल्य खुराना मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल, IIT दिल्ली (BPC-001, ब्लॉक से अनुकूलित) | सोनम मिश्रा प्रतिलेखक इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद त्रिपाठी, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता एवं डॉ आरती सिंह इग्नू, नई दिल्ली |
| **खंड 2** | **प्रत्यक्षण** | | | | |
| इकाई 3 | प्रत्यक्षणः अर्थ, नियम प्रत्यक्षण आत्मक स्थिरता और प्रत्यक्षण को प्रभावित करने वाले कारक | डॉ आरती सिंह इग्नू | सोनम मिश्रा प्रतिलेखक इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद त्रिपाठी, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता एवं डॉ आरती सिंह इग्नू, नई दिल्ली |
| इकाई 4 | प्रत्यक्षणः प्रकार एवं त्रुटियाँ | डॉ आरती सिंह इग्नू | सोनम मिश्रा प्रतिलेखक इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद त्रिपाठी, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता एवं डॉ आरती सिंह इग्नू, नई दिल्ली |
| **खंड 3** | **चिंतन और भाषा** | | | | |
| इकाई 5 | चिंतन और भाषा | डॉ आरती सिंह इग्नू | सोनम मिश्रा प्रतिलेखक इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद त्रिपाठी, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता एवं डॉ आरती सिंह इग्नू, नई दिल्ली |
| **खंड 4** | **अधिगम और स्मृति** | | | | |
| इकाई 6 | अधिगम | डॉ आरती सिंह इग्नू | सोनम मिश्रा प्रतिलेखक इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद त्रिपाठी, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता एवं डॉ आरती सिंह इग्नू, नई दिल्ली |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इकाई 7 | स्मृति | डॉ आरती सिंह<br>इग्नू | सोनम मिश्रा<br>प्रतिलेखक<br>इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद<br>त्रिपाठी, ईश्वर शरण<br>डिग्री कॉलेज<br>इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता<br>एवं डॉ आरती सिंह<br>इग्नू, नई दिल्ली |
| **खंड 5** | **अभिप्रेरणा और संवेग** | | | | |
| इकाई 8 | अभिप्रेरणा | डॉ सुहास शेटगोवेकर<br>इग्नू | सोनम मिश्रा<br>प्रतिलेखक<br>इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद<br>त्रिपाठी, ईश्वर शरण<br>डिग्री कॉलेज<br>इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता<br>एवं डॉ आरती सिंह<br>इग्नू, नई दिल्ली |
| इकाई 9 | संवेग | डॉ सुहास शेटगोवेकर<br>इग्नू | सोनम मिश्रा<br>प्रतिलेखक<br>इलाहाबाद | डॉ. विवेकानंद<br>त्रिपाठी, ईश्वर शरण<br>डिग्री कॉलेज<br>इलाहाबाद | डॉ. स्मिता गुप्ता<br>एवं डॉ आरती सिंह<br>इग्नू, नई दिल्ली |
| बीपीसीसी–101 में प्रैक्टिकल | | | | | |

## पाठ्यक्रम समन्वयक

डॉ. स्मिता गुप्ता
सह-आचार्य
मनोविज्ञान विभाग विद्यापीठ
एसओएसएस, इग्नू, नई दिल्ली

## प्रमुख संपादक

डॉ. स्मिता गुप्ता
सह-आचार्य
मनोविज्ञान विभाग विद्यापीठ
एसओएसएस, इग्नू, नई दिल्ली

## सामग्री निर्माण

श्री राजीव गिरधर
असिस्टेंट रजिस्ट्रार (प्रकाशन)
एम.पी.डी.डी., इग्नू, नई दिल्ली

श्री हेमन्त परीदा
असिस्टेंट रजिस्ट्रार (प्रकाशन)
एम.पी.डी.डी., इग्नू, नई दिल्ली

श्री सुरेश कुमार
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इग्नू, नई दिल्ली

फरवरी, 2020

*© इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, 2020*

ISBN:

*सर्वाधिकार सुरक्षित, इस कार्य का कोई भी अंश किसी भी रूप में पुनः प्रकाशित नहीं किया जा सकता, अनुलिपिक या किसी अन्य साध न द्वारा।*

*इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के बिना किसी लिखित आदेश व पुनः इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के कोर्स की सूचना विश्वविद्यालय के मैदान गढ़ी कार्यालय, नई दिल्ली-110068 के द्वारा प्राप्त की जा सकती है अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://www.ignou.ac.in देखें*

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली की ओर से निदेशक, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।

लेजर टाइप सेटिंग : टेसा मीडिया एण्ड कम्प्यूटर्स, सी-206, शाहीन बाग, जामिया नगर, नई दिल्ली

मुद्रित :

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# विषय-वस्तु


| | | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| **खंड 1** | **मनोविज्ञान का परिचय** | **7** |
| इकाई 1 | मनोविज्ञान की उत्पत्ति | 9 |
| इकाई 2 | मनोविज्ञान की प्रवृत्ति और क्षेत्र | 21 |
| **खंड 2** | **प्रत्यक्षण** | **35** |
| इकाई 3 | प्रत्यक्षात्मक स्थिरता और प्रत्यक्षण को प्रभावित करने वाले कारक | 37 |
| इकाई 4 | प्रत्यक्षण : प्रकार एवं त्रृटियाँ | 55 |
| **खंड 3** | **चिंतन और भाषा** | 71 |
| इकाई 5 | चिंतन और भाषा | 73 |
| **खंड 4** | **अधिगम और स्मृति** | **91** |
| इकाई 6 | अधिगम | 93 |
| इकाई 7 | स्मृति | 113 |
| **खंड 5** | **अभिप्रेरणा और संवेग** | **129** |
| इकाई 8 | अभिप्रेरणा | 131 |
| इकाई 9 | संवेग | 144 |
| **बीपीसीसी–101 में प्रैक्टिकल** | | **163** |

# पाठ्यक्रम परिचय

मनोविज्ञान : एक परिचय नामक पाठ्यक्रम बी.ए. आनर्स के पहले सेमेस्टर का भाग है। इस पाठ्यक्रम के द्वारा आपको मनोविज्ञान की संकल्पना और उसका अर्थ समझाना है। यह पाठ्यक्रम मानव के व्यवहार, उनकी संज्ञानात्मक प्रक्रिया, जैविक प्रक्रिया एवं उनके स्नेहपूर्ण प्रक्रियाओं का भी उल्लेख करता है जिनके चलते सभी मनुष्य एक तरह का व्यवहार नहीं दिखाता है।

इस पाठ्यक्रम का पहले खण्ड 'मनोविज्ञान का परिचय' है जिसमें इकाईयों द्वारा मनोविज्ञान कि उत्पत्ति और उसका भारत के साथ साथ पूरे विश्व में एक स्वतंत्र विभाग की तरह उसके उद्भव को भी दर्शाता है। इस पाठ्यक्रम का दूसरा खण्ड प्रत्यक्षण से जुड़े कारक, नियम, स्थिरता एवं प्रत्येक्षण की त्रृटियाँ को समझाता है।

इस पाठ्यक्रम का तीसरा खण्ड चिंतन और भाषा है जो कि चिंतन और रचनात्मकता को दर्शाता है। पाठ्यक्रम के चौथे खण्ड में अधिगम और स्मृति की परिभाषा प्रक्रिया, सिद्धांत तथा उनके चरणों के बारे में उल्लेख करता है। पाठ्यक्रम का अंतिम खण्ड अभिप्रेरणा और संवेग है जिसकी इकाइयों में आपको अभिप्रेरणा तथा संवेग की संकल्पना एवं सिद्धांतों को समझाया गया है।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# खण्ड 1
# मनोविज्ञान का परिचय

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# खण्ड 1 मनोविज्ञान का परिचय

इस खण्ड में दो इकाइयाँ हैं। पहली इकाई, मनोविज्ञान के ऐतिहासिक विकास का विवरण करता है। इस इकाई के द्वारा आपको मनोविज्ञान की परिभाषा, उसकी उत्पत्ति, उसकी प्रवृत्ति, अन्य विषयों से उसके अंतःसंबंध के बारे में बताया जायेगा।

खण्ड की दूसरी इकाई में मनोविज्ञान की प्रवृत्ति और उसके क्षेत्रों को समझाया गया है। इस इकाई के द्वारा आप मनोविज्ञान के क्षेत्रों, उपक्षेत्रों तथा अन्य विषयों से उसके संबंधों को आप समझ पायेंगे। मनोविज्ञान के अनुप्रयोगों के बारे में भी इस इकाई में विवेचना की गई है।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# इकाई 1 मनोविज्ञान की उत्पत्ति*

**इकाई की रूपरेखा**

1.1 परिचय

1.0 उद्देश्य

1.2 मनोविज्ञान की परिभाषा

1.2.1 प्रारंभिक परिभाषाएँ

1.2.2 वर्तमान परिभाषाएँ

1.2.3 प्रकृति और व्यवहार के लक्षण

1.3 मनोविज्ञान का ऐतिहासिक विकास

1.4 मनोविज्ञानः एक विज्ञान के रूप में

1.5 अध्याय सारांष

1.6 अध्याय समाप्ति के प्रश्न

1.7 शब्दावली

1.8 स्व मूल्यांकन प्रश्नों के उत्तर

1.9 संदर्भ और पाठन के सुझाव

## 1.1 परिचय

मनोविज्ञान का संबंध मानव जीवन के लगभग हर पहलु से है। मनोविज्ञान का क्षेत्र मानव के व्यवहार पक्ष से संबंधित है, और षायद यही कारण है कि हर किसी को मनोविज्ञान के बारे में जानने की उत्सुकता होती है। दूसरी ओर, मनोविज्ञान के बारे में लोगों में कई गलत धारणाएं एवं भ्रांतियां भी हैं। बहुत से लोग सोचते हैं। कि, मनोविज्ञान का सरोकार केवल असामान्य लोगों से हैं। और कुछ लोगों को लगता है कि, मनोवैज्ञानिक केवल उनको देखकर या उनके चेहरे की भाव भंगिमाएँ देखकर ही उनके मन की बात जान लेंगे। ये लोग अक्सर ज्योतिषियों, रत्नविज्ञानी, अंक विशेषज्ञ, हस्तरेखा विशेषज्ञ या ग्राफोलॉजिस्ट के साथ मनोवैज्ञानिकों की बराबरी करते हैं, जो लोगों के जीवन की समस्याओं को हल करने और भविष्य में होने वाली घटनाओं की भविष्यवाणी करने का दावा करते हैं। आपने 'मनोविज्ञान', 'मनोवैज्ञानिक', 'मानसिक' आदि शब्द सुने होंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं। कि मनोविज्ञान का अर्थ क्या है और यह कैसे विकसित हुआ? मनोविज्ञान एक 'विज्ञान' है या एक 'कला' है? विज्ञान क्या है और इसकी विशेषताएँ क्या–क्या हैं? मनोविज्ञान की विषयवस्तु क्या है? इस अध्याय में आपको इन प्रश्नों के अलावा ऐसे ही बहुत से और प्रश्नों के जवाब भी मिलेंगे। मनोविज्ञान का अध्ययन करने से, आप यह समझ पाएंगे कि मनोविज्ञान क्या है, और क्या नहीं है। यह इकाई मनोविज्ञान विषय का परिचय देती हैं।

## 1.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद, आप निम्न कार्य में सक्षम होंगे:

- मनोविज्ञान को परिभाषित कर सकेगें।
- मनोविज्ञान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और दृष्टिकोणों का वर्णन कर सकेगें।

*प्रो. अमूल्य खुराना, मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल, IIT दिल्ली (BPC-001, ब्लॉक से अनुकूलित)

- मनोविज्ञान के तरीकों और उपक्षेत्रों (subfields) की व्याख्या कर सकेगें।
- भारतीय संदर्भ में मनोविज्ञान के शोधों को निरूपित कर सकेगें।

## 1.2 मनोविज्ञान की परिभाषा

मनोविज्ञान को अलग अलग लेखकों द्वारा कई तरीकों से परिभाषित किया गया हैं। मनोवैज्ञानिक इस बात पर बहस करते थे कि मनोविज्ञान के केंद्र ''मन'', ''चेतना'' या ''व्यवहार'' किसको होना चाहिए। आइए हम देखें कि कैसे मनोविज्ञान की परिभाषाओं ने पिछले कई वर्षों में एक लम्बा सफर तय किया हैं।

### 1.2.1 प्रारंभिक परिभाषाएँ

पूर्व में, मनोविज्ञान दर्शनशास्त्र का हिस्सा था। प्राचीन दार्शनिक, आत्मा के अध्ययन में रुचि रखते थे। इस प्रकार, यह सर्वप्रथम 'आत्मा के विज्ञान' के रूप में परिभाषित किया गया था। हालाँकि, 'आत्मा' शब्द के बहुत व्यापक और विस्तृत अर्थ रहे हैं, इसलिए इसे अस्पष्ट शब्द माना जाता रहा है, और मध्य कालीन युग में इसी वजह से इसकी कठोर आलोचना होती थी। आत्मा के भौतिक अस्तित्व, उसके वजन और उसकी मात्रा के बारे में कई प्रश्न रहे हैं।

दंडापानी (2004) में कहा गया है कि ''सामान्य जन–मानस आत्मा, मन और चेतना जैसे जटिल और गूढ़ शब्दों पर को समझने, और उन पर विश्वास करने के लिए अनुभवहीन थे। ऐसा माना जाता था, और ठीक ऐसा ही था, कि प्रत्येक मनुष्य में एक आत्मा होती है जो उसे हर क्षण प्रभावित करती रहती हैं। एक दार्शनिक के लिए आत्मा ही वो दृढ़ आधार है, जिस पर नैतिक मूल्य बनते हैं। अपनी आत्मा की अनुभूति को ही जीवन का मुख्य उद्देश्य माना जाता था। ......आत्मा के अध्ययन के रूप में मनोविज्ञान की यह परिभाषा मूलतः इस वजह से अस्वीकार्य कर दी गयी क्योंकि, आत्मा की सटीक प्रकृति और गुणों का कोई पुख्ता प्रमाण या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। इसे इसके पराभौतिक (भौतिक आधार से परे) आध्यात्मिक प्रकृति के कारण अस्वीकार्य कर दिया गया था। ये विज्ञान के सिद्धांतों को संतुष्ट करने के लिए अपर्याप्त थी...... "

इस प्रकार, इस परिभाषा को मनोवैज्ञानिकों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया था। इसके पश्चात, कुछ प्राचीन यूनानी दार्शनिकों द्वारा मनोविज्ञान को 'मन के विज्ञान' के रूप में परिभाषित किया गया था। उनके अनुसार, मनोविज्ञान को मानसिक दर्शन की एक शाखा के रूप में माना गया था। चूँकि इस परिभाषा में मानव के प्रकट/अभिव्यक्त व्यवहार शामिल नहीं है और मन का मापन सीधे तौर पर नहीं किया जा सकता, अतः मनोवैज्ञानिकों द्वारा इस परिभाषा को भी अस्वीकार्य कर दिया गया था।

तब, मनोविज्ञान को 'चेतना के विज्ञान' के रूप में परिभाषित किया गया। बग्गा और सिंह (1990) के अनुसार, मनोविज्ञान के इतिहास में एक समय, यह महसूस किया गया कि, मनोविज्ञान का मुख्य सरोकार सचेतन अनुभव से हैं।

चेतना हमें हमारे आस–पास की परिस्थितियों और चीजों के बारे में सचेत व जागरूक बनाती हैं। यह परिभाषा भी अब अप्रचलित हो चुकी है और इसे निम्नलिखित कारणों से अस्वीकार कर दिया गयाः

चेतना का वस्तुनिष्ठ अध्ययन नहीं किया जा सकता क्योंकि ये काफी व्यक्तिगत और व्यक्तिपरक हैं। दूसरी आपत्ति तेजी से विकसित हो रही असामान्य मनोविज्ञान की उस

शाखा से आई है, जो मन के अचेतन हिस्से के अध्ययन को मनोविज्ञान के परिक्षेत्र में लेकर आए। चेतना शब्द में पशु या मानव के व्यवहार समाहित नहीं होते हैं।

चेतना शब्द में भी दर्षनिकता का पुट माना जाता है और यह आधुनिक वैज्ञानिक विचारधारा वाले मनोवैज्ञानिकों द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता हैं। अंततः, आधुनिक युग में मनोविज्ञान को 'व्यवहार के विज्ञान' के रूप में परिभाषित किया गया हैं। बीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में, 'व्यवहारवाद' स्कूल के जनक वॉटसन ने मनोविज्ञान को 'व्यवहार के अध्ययन' के रूप में परिभाषित किया। मॉर्गन एट आल० (1986) के अनुसार, वाटसन ने मन को मनोविज्ञान की विषय वस्तु के रूप में अस्वीकार कर दिया और इस चीज पर जोर दिया कि, मनोविज्ञान को केवल व्यवहार (लोगों और जानवरों की अवलोकन योग्य (या संभावित रूप से अवलोकन योग्य गतिविधियाँ) के अध्ययन तक ही सीमित रखा जाए। वाटसन की राय अनुसार मानव और जानवरों के व्यवहार में कोई मूलभूत अंतर नहीं है, और हम जानवरों के व्यवहार के अध्ययन से मानव व्यवहार के बारे में बहुत कुछ सीख सकते हैं। वॉटसन ने इस बात पर काफी जोर दिया कि कोई भी व्यवहार जन्मजात नहीं होता है, और सब कुछ सीखा जा सकता हैं। इस संदर्भ में, वुडवर्थ (1948) ने पहले कहा था कि, पहले मनोविज्ञान ने अपनी आत्मा को खो दिया, फिर अपने मन को और फिर उसने अपनी चेतना खो दी। यह भी एक तरह का व्यवहार हैं। जैसा कि हम नीचे देखेंगे, 'व्यवहार' शब्द अभी भी लगभग सभी आधुनिक परिभाषाओं में मौजूद हैं।

### 1.2.2 वर्तमान परिभाषाएँ

हिलगार्ड, एटकिंसन, और एटकिंसन (1975) ने मनोविज्ञान की समय के साथ बदलती परिभाषाओं को विलियम जेम्स (1890) से शुरू करके केनेथ क्लार्क और जॉर्ज मिलर (1970) तक संकलित किया हैं। बग्गा और सिंह (1990) ने 'वुडवर्थ' और 'मन्न' की निम्नलिखित क्रमषः दो परिभाषाओं का संदर्भ लिया हैः ''किसी व्यक्ति का अपने वातावरण के सम्बंध में किए गए क्रिया कलापों का वैज्ञानिक अध्ययन ही मनोविज्ञान है''।

''मनोविज्ञान आज व्यवहार की वैज्ञानिक पड़ताल के साथ–साथ व्यवहार के दृष्टिकोण से भी चिंतित है, जो पहले के मनोवैज्ञानिकों ने अनुभव के रूप में निपटाया था''।

कालानुक्रमिक क्रम में मनोविज्ञान की कुछ और हालिया परिभाषाएँ इस प्रकार हैं :

- मनोविज्ञान मनुष्य और पशु के व्यवहार का विज्ञान हैं। इसमें मानवीय समस्याओं के लिए इस विज्ञान का अनुप्रयोग शामिल हैं। (Morgan et al., 1986)
- मनोविज्ञान व्यवहार और मानसिक संक्रियाओं का वैज्ञानिक अध्ययन है। Feldman,1996)
- मनोविज्ञान व्यवहार और मानसिक संक्रियाओं का वैज्ञानिक अध्ययन हैं। व्यवहार और मानसिक संक्रियायें कैसे एक जीव की शारीरिक स्थिति, मानसिक स्थिति और बाहरी वातावरण/परिस्थितियों से प्रभावित होती हैं। (Tavris and Wade, 1997)
- मनोविज्ञान मानव व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाओं के बारे में है, और उन परिस्थितियों के बारे में है जिसमें व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाएं घटित होती हैं। (Das, 1998)
- मनोविज्ञान व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाओं का विज्ञान हैं। (Lahey,1998)
- मनोविज्ञान व्यवहार और संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का विज्ञान हैं। (Baron, 1999)
- मनोविज्ञान व्यवहार और मन का वैज्ञानिक अध्ययन हैं। (Nairne, 2003)

- एक विज्ञान जिसमें लोग (और अन्य प्रजातियों के सदस्य) जैसा व्यवहार करते है, उसकी अभिप्रेरणा समझने के लिए व्यवहार और अन्य साक्ष्यों का उपयोग कर के उन आंतरिक प्रक्रियाओं को समझने की कोशिश की जाती हैं। (Eysenck, 2004)
- मनोविज्ञान व्यवहार और मानसिक संक्रियाओं का वैज्ञानिक अध्ययन हैं। (Ciccarelli & Meyer,2006; Coon & Mitterer, 2007, 2008)
- एक विज्ञान जो व्यवहार और मानसिक संक्रियाओं का अध्ययन करता हैं। (Rathus,2008)

जैसा कि उपरोक्त परिभाषाओं में स्पष्ट है, इन सभी परिभाषों में 'व्यवहार के अध्ययन (मानव और पशु)' पर जोर दिया गया हैं। इसके अलावा, अधिकांश लेखकों ने मनोविज्ञान की अपनी परिभाषाओं में 'संज्ञानात्मक / मानसिक संक्रियाओं' को भी सम्मिलित किया हैं। लेकिन, व्यवहार क्या है? अब हम व्यवहार की प्रकृति और विशेषताओं अध्ययन करेंगे।

### 1.2.3 व्यवहार की प्रकृति और लक्षण

व्यवहार एक व्यापक शब्द और एक जटिल गोचर हैं। इस खंड के अध्याय में, हम व्यवहार की प्रकृति और लक्षणों पर चर्चा करेंगे। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, व्यवहार वह सब कुछ या कुछ भी है जो एक मानव या जन्तु करता है जिसे किसी भी तरह से देखा जा सकता हो। दूसरे शब्दों में, व्यवहार में, जीवों की वे सभी क्रियाएं और प्रतिक्रियाएं शामिल हैं। जिन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मापा जा सकता हैं। व्यवहार का अर्थ केवल शारीरिक गति/ संचलन से नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक और संज्ञानात्मक प्रक्रियाएं भी शामिल हो सकती हैं। जैसे कि भावनायें, अभिवृत्ति, विचार, संवेग और अन्य सभी आंतरिक शारीरिक एवं मानसिक प्रक्रियाएँ, जिन्हें सीधे तौर पर (प्रत्यक्ष) नहीं देखा जा सकता है, लेकिन इनडायरेक्टली (अप्रत्यक्ष तौर से) मापा जा सकता हैं। जैसे कि, लोग क्या कहते हैं (मुखर व्यवहार), क्या करते हैं। (शारीरिक व्यवहार) और कैसे वे विभिन्न समस्याओं और स्थितियों के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं।

अब हम मानव व्यवहार की कुछ सामान्य विशेषताओं पर विचार करेंगे, जैसा कि परमेस्वरन और बीना (1988, 2002) द्वारा वर्णित हैं। ये हैं।:

- **व्यवहार कई कारकों से प्रभावित होता है**

  व्यवहार कई कारकों जैसेः जैविक, सांस्कृतिक, सामाजिक, पर्यावरण, पूर्व अनुभव, अभिप्रेरणात्मक, संवेगात्मक, संज्ञानात्मक (जैसे भावनायें, संवेग, अभिप्रेरणा, विचार) इत्यादि से प्रभावित होता हैं।

- **व्यवहार की जटिलता में भिन्नता**

  व्यवहार एक कलम उठाने जितना आसान भी हो सकता है, और एक दोस्त को पुकारने या छींकनें जैसी अनैच्छिक प्रतिक्रियाएँ इत्यादि भी। कुछ अन्य प्रकार के व्यवहारों में नियत कौशल शामिल होते हैं, जो एक अवधि में आदत बन जाते हैं, जैसे कि गिटार बजाना, साइकिल चलाना आदि। इनके अलावा भी कुछ अन्य व्यवहारों में जटिल गतिविधियाँ शामिल होती हैं। जैसे, किसी कार को ठीक करना, चंद्रमा पर यान उतारना, लड़ाकू विमान उड़ाना, चट्टान पर चढ़ना आदि, जैसी गतिविधियाँ अत्यधिक जटिल व्यवहार के कुछ उदाहरण हैं।

- व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारक विभिन्न प्रकार के होते हैं। व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों के दो बड़े समूह हैं।:

i) जो व्यक्ति से संबंधित हैं। (आंतरिक कारक) तथा

ii) जो पर्यावरण से संबंधित हैं। (वाह्य कारक)।

किसी व्यक्ति से संबंधित कारकों को शारीरिक (जैविक जरूरतों जैसे भूख, प्यास आदि) और मनोवैज्ञानिक (विचारों , मान्यताओं, दृष्टिकोण आदि) के तहत वर्गीकृत किया जा सकता है ।

पर्यावरणीय कारकों में भौतिक परिवेश, परिवार, मित्र, वष्हद समाज और यहां तक कि समग्र सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि शामिल हैं।

- ***व्यक्तिगत भिन्नतायें***

एक व्यक्ति का व्यवहार दूसरे व्यक्ति के व्यवहार से, साथ ही साथ, एक समूह के लोगों का व्यवहार दूसरे समूह के लोगों के व्यवहार से भिन्न होता हैं। हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से अपनी शारीरिक–क्रिया और शारीरिक स्थितियों में, अपने पूर्व अनुभवों में, अपनी क्षमताओं में, अपनी पृष्ठभूमि आदि में भिन्न होता हैं। अतः ये पूर्णतः स्वाभाविक है कि, यदि दस लोगों को एक ही माहौल में रखा जाए, तो प्रत्येक व्यक्ति का व्यवहार कुछ मामलों में या कुछ डिग्री में दूसरों के व्यवहार से भिन्न होगा।

- ***व्यवहार में समानतायें भी होती हैं।***

हालाँकि एक व्यक्ति का व्यवहार से दूसरे व्यक्ति के व्यवहार से भिन्न होता है, लेकिन इसका ये बिल्कुल भी मतलब नहीं होता है कि, सभी लोग हर समय, और हर परिस्थिति में एक दूसरे से भिन्न होते हैं। लोगों के बीच व्यवहारों में काफी हद तक समानतायें भी होती हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति की आंख में धूल का एक कण गिर जाता है तो, वह उसे यथा षीघ्र निकालने की कोशिश करता हैं। इस प्रकार के व्यवहार सार्वभौमिक तौर पर पाए जाते हैं।

- ***व्यवहार हमेशा उद्देश्यपूर्ण और लक्ष्य निर्देशित होते हैं।***

मानव व्यवहार हमेशा उद्देश्यपूर्ण होते हैं। और किसी के कार्यों को हमेशा किसी न किसी लक्ष्य की ओर निर्देशित किया जाता हैं। एक लड़का बैठा पढाई कर रहा है और अचानक उठ कर जाता है और एक गिलास पानी पीता हैं। यहाँ, लड़के का लक्ष्य एक गिलास पानी पीना है, और उद्देश्य अपनी प्यास बुझाना हैं। वहीं दूसरी तरफ, एक लड़का बैठकर पढ़ाई कर रहा है, और उसे ठंड लग रही हैं। वह उठकर पंखे को बंद कर देता हैं। यहां लक्ष्य पंखे को बंद करना है और उद्देश्य ठंड की असुविधा से बचना हैं। तो, इस प्रकार हमारे सभी व्यवहार वर्गीकृत किए जा सकते हैं।:

i) पहुँच व्यवहार (धनात्मक लक्ष्य निर्देशित) या

ii) परिहार व्यवहार (ऋणात्मक लक्ष्य परिहार)

- ***व्यवहार काफी हद तक परिवर्तनशील है***

यह पूर्व–उल्लेखित है कि, व्यवहार को प्रभावित करने वाले कई कारक हैं। इस परिपेक्ष्य में, इन कारकों में परिवर्तन करके व्यवहार में परिवर्तन संभव हैं। यह मानव व्यवहार की परिवर्तनशीलता ही है, जो एक बुरे आदमी को एक अच्छा आदमी, और एक अच्छे आदमी को एक बुरा आदमी बनाने की क्षमता रखती है । यह व्यवहार की एक महत्वपूर्ण विशेषता है जो लोगों को नए परिवेश में समायोजित करने में मदद करती हैं। ये परिवर्तनशीलता किसी व्यक्ति के अभ्यास या अनुभवों (सीखने) का परिणाम होती हैं।

- ***व्यवहार में स्थिरता भी दिखाई देती है***

  यद्यपि व्यवहार में संभावित परिवर्तनों पर जोर दिया गया है, यहाँ ये भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि, जीवन हमेषा, सभी प्रकार के परिवर्तनों से भरा नहीं होता हैं। जहाँ व्यवहार में परिवर्तनशीलता होती है, वहीं व्यवहार में एक निश्चित स्थिरता भी होती हैं। व्यवहार पर्यावरण में होने वाले हर परिवर्तन के साथ नहीं बदलता है, और न ही मनुष्य के सभी प्रकार के व्यवहारों में बदलाव आता हैं। मानव व्यवहार में बहुत स्थिरता भी दिखती हैं। उदाहरण के लिए, अभी भी आप अपनी दादी के, पुराने विचारों और उनके जीने के पुराने तरीकों को प्राथमिकता देते हुए पा सकते हैं, हालांकि वह एक अति–आधुनिक समाज में जीवन जी रही हों।

- ***व्यवहार एकीकृत/समेकित है***

  जैसा कि पूर्वल्लेखित है, मानव व्यवहार बहुत से कारकों और कई प्रकार के उद्देश्यों से प्रभावित होता हैं। प्रत्येक मनुष्य के दैहिक, मनोवैज्ञानिक, व्यक्तिगत और सामाजिक उद्देश्य होते हैं। हर मनुष्य विभिन्न प्रकार के अनुभवों से गुजरता हैं। इन सब के बावजूद, व्यवहार हमेशा एक क्रम और उद्देश्यों के पदानुक्रम को दर्शाता हैं। प्रत्येक व्यक्ति सम्पूर्ण व्यक्ति के रूप में व्यवहार करता है और विभिन्न उद्देश्यों, अलग–अलग सीखों और विभिन्न प्रकार के प्रभावित करने वाले कारकों के, संगठन की इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप व्यवहार का एकीकरण परिलक्षित होता हैं।

इस प्रकार, जब एक व्यक्ति को अलग–अलग परिस्थितियों में रखा जाता है, तब भी उसके व्यवहार में कुछ विशिष्ट तरीके और शैलियाँ स्पष्ट दिखायी देती हैं, जिनसे हमें उसके व्यवहार को समझने और उसके व्यवहार की भविष्यवाणी करने में मदद मिलती हैं। और इसी तरह, हम अक्सर कहते हैं कि, राम एक खुशनुमा किस्म का व्यक्ति है, गोबिंद एक अप्रिय किस्म का व्यक्ति है, कृष्ण एक मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति हैं। मनोवैज्ञानिक, व्यवहार के एकीकरण की इस प्रक्रिया का वर्णन करने के लिए **व्यक्तित्व** शब्द का उपयोग करते हैं। किसी व्यक्ति के व्यवहार में एकीकरण की डिग्री जितनी अधिक होगी, उसका व्यवहार उतना ही अधिक प्रभावी होगा। इसलिए यह माना जा सकता है कि व्यवहार एक जटिल घटना है और व्यवहार का अध्ययन करना आसान काम नहीं हैं।

## 1.3 मनोविज्ञान का ऐतिहासिक विकास

मनोविज्ञान का उद्भव 1870 के दशक का हैं। 'साइकोलॉजी' (मनोविज्ञान) शब्द दो ग्रीक शब्दों से मिल कर बना है... 1) साइकी का अर्थ है ''आत्मा या साँस'' और 2) लोगोस का अर्थ है ''ज्ञान या अध्ययन'' (किसी चीज का अध्ययन या जाँच)। उन्नीसवीं सदी से पहले 'साइकोलॉजी' (मनोविज्ञान) शब्द आम उपयोग में नहीं था, और मनोविज्ञान का क्षेत्र वास्तव में उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य तक एक स्वतंत्र विज्ञान नहीं बन पाया था।

1879 में मनोविज्ञान एक स्वतंत्र अकादमिक अनुशासन के रूप में उभरा, जब जर्मनी के प्रोफेसर विल्हेम वुंड्ट ने जर्मनी के लीपजिग विश्वविद्यालय में पहली मनोविज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना की। बोल्स (1993) के अनुसार, वुंड्ट एक प्रशिक्षित मेडिकल डॉक्टर थे और अपने करियर की शुरुआत में, उन्हें उन्नीसवीं सदी के कुछ महान शरीरक्रिया विज्ञानियों के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। मनोविज्ञान की बौद्धिक जड़ें दर्शनशास्त्र और शरीरक्रिया विज्ञान के समागम में हैं। वुंड्ट को पारंपरिक रूप से आधुनिक मनोविज्ञान के संस्थापक या पिता के रूप में जाना जाता हैं। 1879 के वर्ष को एक उल्लेखनीय वर्ष के रूप में देखा जाता है जब मनोविज्ञान अंततः एक अद्वितीय/अनूठे क्षेत्र के रूप में उभरा। वुंड्ट

से पहले, मनोविज्ञान में विशेषज्ञता की डिग्री प्राप्त होना संभव नहीं था, क्योंकि उनसे पहले कहीं पर भी, कोई आधिकारिक मनोवैज्ञानिक या मनोविज्ञान विभाग नहीं था। वुंड्ट ने 'मन' की संरचना का अध्ययन करना शुरू कर दिया, जिसने, तत्कालिक अनुभव (चेतन), व्यक्तिपरक अनुभवों की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं जैसे संवेदनाओं, विचारों, भावनाओं और संवेग, को संदर्भित किया।

इस प्रकार, औपचारिक रूप से, मनोविज्ञान को 1879 में एक स्वतंत्र विज्ञान के रूप में मान्यता प्राप्त हुई।

**स्व मूल्यांकन प्रश्न 1**

निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें:

1) ____________________ ने जर्मनी के लीपजिग विश्वविद्यालय में पहली मनोविज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना की।

2) ___________________ में जीवों की सभी क्रियाएं और प्रतिक्रियाएं शामिल हैं। जिन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मापा जा सकता हैं।

3) _______________ ने यह विचार रखा कि मानव और पशु व्यवहार के बीच कोई आवश्यक अंतर नहीं हैं।

4) मानव व्यवहार हमेशा उद्देश्यपूर्ण होता है और किसी के कार्यों को हमेशा ___________________________ की ओर निर्देशित किया जाता हैं।

5) आधुनिक युग ने मनोविज्ञान को '_____________________________' के रूप में परिभाषित किया हैं।

## 1.4 मनोविज्ञानः एक विज्ञान के रूप में

मनोविज्ञान को व्यवहार के विज्ञान के रूप में परिभाषित किया गया हैं। लेकिन क्या यह भी वैसा ही विज्ञान है जैसा कि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और प्राणीशास्त्र, या कुछ अलग तरह का विज्ञान है? इस खंड में हम विज्ञान की कुछ परिभाषाओं को देखेंगे। हम विज्ञान की प्रकृति और विशेषताओं पर भी चर्चा करेंगे और मनोविज्ञान को एक विज्ञान के रूप में समझेंगे। आइए हम विज्ञान की निम्नलिखित परिभाषाओं को देखें:

- विज्ञान, ज्ञान का एक व्यवस्थित निकाय है जो सावधानी पूर्वक किए गए प्रेक्षणों और घटनाओं के मापन के माध्यम से इकट्ठा की गई सूचना पर आधारित होता हैं। (मॉर्गन एट अल।, 1986)।
- विज्ञान, क्रमिक प्रेक्षणों पर आधारित ज्ञान का एक दृष्टिकोण है (सैमल, 1998) ।

विज्ञान का एकमात्र उद्देश्य भौतिक संसार की वस्तुओं और घटनाओं को वर्गीकृत करना, समझना और एकीकृत करना हैं। सटीक अवलोकन और प्रयोग, तर्क और सहज बोध के संयोजन का उपयोग करके, वैज्ञानिक उन नियमों को समझना चाहते हैं, जो प्राकृतिक ब्रह्मांड के सभी स्तरों को नियंत्रित करते हैं। ( आइए अब हम विज्ञान की विशेषताओं को देखें :

### 1.4.1 विज्ञान के लक्षण

विज्ञान, घटनाओं का अवलोकन मुख्य रूप से वर्गीकृत करने और सामान्य सिद्धांतों और कानूनों का वर्णन के रूप में नई घटनाओं की भविष्यवाणी की स्थापना के द्वारा विभिन्न

तरीकों से व्यवस्थित करता है। मनोविज्ञान उसी तरह से व्यवहार का अध्ययन करता है जिस तरह से अन्य विज्ञान अपने विषय वस्तु का अध्ययन करते हैं और इसलिए मनोविज्ञान उनके साथ कई विशेषताएं साझा करता हैं। मनोविज्ञान, अन्य विज्ञानों के साथ, एक विज्ञान के रूप में, निम्नलिखित विशेषताएं हैं, जैसा कि मॉर्गन एट अल (1986) द्वारा वर्णित है साझा करता हैं।

- **अनुभवजन्य अवलोकन**

  विज्ञान के अन्य विषयों की तरह, मनोविज्ञान शास्त्र भी, तर्क, राय या विश्वास के बजाय प्रयोग और प्रेक्षणों पर निर्भर करता हैं।

- **व्यवस्थित दृष्टिकोण और सिद्धांत**

  घटनाओं को समझने में हमारी मदद करने के लिए और उनसे ''कुछ अर्थ निकालने के लिए'' विज्ञान में प्रेक्षण और प्रयोगों के आँकड़े अनिवार्य हैं। वैज्ञानिक मर्यादित सिद्धांतों को खोजने की कोशिश करता है, जो लाभप्रद रूप से डेटा को संक्षेप में प्रस्तुत कर सके। अन्य वैज्ञानिक सिद्धांतों की तरह, मनोविज्ञान भी प्रेक्षण, डेटा संग्रहण, विश्लेषण और व्याख्या की एक क्रमबद्ध व्यवस्थित प्रक्रिया का अनुसरण करता हैं।

- **मापन**

  कई विज्ञान का एक अन्य विशिष्ट लक्षण मापन है, जो "निश्चित नियमों के अनुसार वस्तुओं या घटनाओं को अंक प्रदान करने" के रूप में परिभाषित किया गया हैं। भौतिक विज्ञान को विज्ञान के विषयों में सर्वोच्च स्थान (सबसे अधिक वैज्ञानिक) दिया गया है क्योंकि इसने सबसे सटीक मापन विकसित किए हैं।

- **शब्दों की परिभाषा**

  'सावधानीपूर्वक परिभाषित शब्दध्पद', विज्ञान की स्पष्ट सोच की मूलभूत आवश्यकता हैं। मनोविज्ञान की प्रक्रिया में सम्प्र्त्ययों को अवलोकनीय व्यवहार से जोड़ते हुए परिभाषित किया जाता है (जिसे संक्रियात्मक परिभाषा कहते हैं)। जब हम किसी संप्रत्यय को संक्रियात्मक तौर पर परिभाषित करते हैं, तो हम इसे मापने योग्य और अवलोकन योग्य संक्रियाओं (व्यवहार) के संदर्भ में परिभाषित करते हैं। उदाहरण के लिए, भौतिकी में लंबाई, ऊँचाई की अवधारणाएँ, और मनोविज्ञान में बुद्धिमत्ता, प्रेरणा, व्यक्तित्व जैसी अवधारणाएँ अवलोकनीय संक्रियाओं के रूप में ही परिभाषित की जाती हैं, जिन्हें मापने के लिए उनका प्रदर्शन किया जा सकता हैं। हालांकि, मनोविज्ञान कई व्यवहारों जैसे कि बहादुरी, दोस्ती, प्रेम, सौंदर्य आदि को मापा नहीं जा सकता है क्योंकि इन्हें संक्रियात्मक रूप से परिभाषित नहीं किया जा सकता हैं। उपरोक्त विशेषताएं मनोविज्ञान सहित सभी विज्ञानों के लिए उभयनिष्ठ हैं। हालांकि, मनोविज्ञान एक अलग प्रकार का विज्ञान (व्यवहार विज्ञान) हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में, शोधकर्ता प्रक्रियाओं और घटनाओं की जांच करते हैं जो बहुत हद तक स्थिर और नियत रहते हैं। यही चीज इनमे मापना और सटीकता की एक उचित डिग्री के साथ भविष्यवाणी करना संभव बनाती हैं। लेकिन मानव व्यवहार के साथ ऐसा नहीं हैं।

  व्यवहार, जो अत्यधिक जटिल होता है, आसानी से नियंत्रणीय नहीं है, और भौतिक और रासायनिक पदार्थों की प्रतिक्रियाओं की तुलना में बहुत अधिक अप्रत्याशित प्रतीत होता हैं। जबकि अन्य विज्ञान मनुष्य के आसपास की चीजों की जांच करते हैं, मनोविज्ञान स्वयं मनुष्य का अध्ययन करता हैं। मनोवैज्ञानिक शोध में उपयोग की जाने वाली प्रविधियों में प्रेक्षण, साक्षात्कार, मनोवैज्ञानिक परीक्षण, प्रयोगशाला प्रयोग और सांख्यिकीय विश्लेषण शामिल हैं।

इस प्रकार, मनोविज्ञान को वैज्ञानिक जांच के समूह में सबसे छोटे सदस्य के तौर पर 'सामाजिक / व्यावहारिक विज्ञान' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जिसमें मानव विज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षा, भूगोल, इतिहास, भाषा विज्ञान, समाजशास्त्र आदि विषय शामिल हैं। (Rush, 1972) । विज्ञान का प्रथम समूह 'भौतिकीय विज्ञान' है, जिसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान आदि जैसे विषय शामिल किए जाते हैं। अगला 'जैविक / जीवन विज्ञान' है जिसमें जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान आदि जैसे विषय शामिल हैं। व्यावहारिक समस्याओं के लिए ज्ञान का अनुप्रयोग एक कला हैं।यह उन चीजों को करने के लिए कौशल या आदत है जो अध्ययन, अभ्यास और विशेष अनुभव द्वारा हासिल की जाती हैं। चूंकि मनोविज्ञान के सिद्धांतों और कानूनों को कई स्थितियों (परिवारों, स्कूलों, संगठनों, पर्यावरण) में मानव समस्याओं को हल करने के लिए लागू किया जाता है और साथ ही व्यवहार विकारों और भावनात्मक समस्याओं का इलाज किया जाता है, यह एक कला भी हैं।

**स्व मूल्यांकन प्रश्न 2**

बताएं कि क्या निम्नलिखित 'सही' या 'गलत' हैं।:

1) 'जैविक / जीवन विज्ञान' जिसमें मानवविज्ञान जैसे विषय शामिल हैं, अर्थशास्त्र, शिक्षा, इतिहास, भाषा विज्ञान, समाजशास्त्र आदि। ___________

2) विज्ञान के अन्य विषयों की तरह, मनोविज्ञान का अनुशासन पर निर्भर करता है तर्क, राय या विश्वास के बजाय प्रयोग और अवलोकन।___________

3) विज्ञान का एकमात्र उद्देश्य वस्तुओं को वर्गीकृत करना, समझना और एकीकृत करना है भौतिक जगत की घटनाएं। __________

4) मनोविज्ञान को व्यवहार विज्ञान के रूप में परिभाषित किया गया हैं। _________

5) मनोविज्ञान को भौतिक विज्ञान समूह के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया हैं। _________

## 1.5 सार-संक्षेप

उपरोक्त चर्चा से यह कहा जा सकता है कि मनोविज्ञान दर्शन से एक स्वतंत्र अकादमिक अनुशासन के रूप में उभरा। इस अध्याय में, 'मनोविज्ञान' शब्द को परिभाषित किया गया और प्रकृति के साथ–साथ इसके ऐतिहासिक विकास पर भी चर्चा की गई। अंत में, एक विज्ञान के रूप में मनोविज्ञान की विशेषताओं पर भी इस अध्याय में चर्चा की गई।

## 1.6 खंड के अंत पर प्रश्नावली

1) मनोविज्ञान की उत्पत्ति और विकास पर चर्चा करें।

2) व्यवहार की प्रकृति और विशेषताओं का विस्तृत विवरण दें।

3) मनोविज्ञान के ऐतिहासिक विकास का वर्णन करें।

4) विज्ञान की विशेषताओं का वर्णन करें।

5) क्या हम मनोविज्ञान को विज्ञान मान सकते हैं।? उचित औचित्य के साथ अपने उत्तर का समर्थन करें।

## 1.7 शब्दावली

| | | |
|---|---|---|
| **व्यवहार** | : | मनुष्यों और जानवरों के अवलोकन योग्य कार्य और प्रतिक्रियाएं। व्यवहार में भी प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन योग्य गतिविधियाँ शामिल नहीं होती हैं, जैसे कि, आंतरिक मानसिक (संज्ञानात्मक) प्रक्रियाएँ (जैसे भावनाओं और विचारों) जब तक वे देखी और व्यवस्थित तरीके से मापी जा सकती हैं। |
| **व्यवहारवाद** | : | इस बात पर जोर देता है कि मनोविज्ञान को दिमाग पर ध्यान देने की बजाय व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। |
| **महत्वपूर्ण सोच (क्रिटिकल थिंकिंग)** | : | क्रिटिकल थिंकिंग का मतलब तर्कपूर्ण निर्णय (तार्किक और अच्छी तरह से सोचा गया निर्णय)। |
| **छद्म मनोविज्ञान** | : | कोई भी निराधार प्रणाली जो सतही तौर पर मनोविज्ञान से मिलती जुलती है। |
| **मनोविज्ञान** | : | मानव व्यवहार और संज्ञानात्मक (मानसिक) प्रक्रियाओं का विज्ञान। |
| **विज्ञान** | : | विज्ञान ज्ञान का एक व्यवस्थित निकाय है जिसे ध्यान से देखने और मापने की घटनाओं के माध्यम से इकट्ठा किया जाता हैं। |

## 1.8 स्व–मूल्यांकन प्रश्नों के उत्तर

**स्व-मूल्यांकन प्रश्न 1**

1) विल्हेम वुंड्ट
2) बी इह्वौर
3) वॉटसन
4) कुछ लक्ष्य या अन्य
5) व्यवहार का एक विज्ञान

**स्व-मूल्यांकन प्रश्न 2**

1) झूठा
2) सच
3) सच
4) सच
5) असत्य

## 1.9 संदर्भ और पठन सुझाव

Baron, R.A.(1999). *Essentials of Psychology* (2nd edition). USA: Allyn and Bacon.

Morgan, C. T., King, R. A., Weisz, J. R. & Schopler, J. (1986). *Introduction to Psychology* (7th edition). New Delhi: Tata McGraw-Hill

Coon, D. & Mitterer, J.O.(2008). Psychology: A Journey. (3rd edition) Delhi (India): Thomson Wadsworth.

Parameswaran, E.G. & Beena, C. (2002) An Invitation to Psychology. Hyderabad, (India): Neelkamal Publications Pvt. Ltd.

Bagga, Q. L. & Singh, A. (1990). Elemrnts of General Psychology. New Delhi: Arya Book Depot.

Baron, R.A.(1999). Essentials of Psychology (2nd edition). USA: Allyn & Bacon.

Beyer,B. K. (1995). Critical thinking. Bloomington, IN: Phi Delta Kappa Educational Foundation.

Bolles,R.C. (1993). The Story of Psychology. Portland:Brooks/Cole Pub Co.

Ciccarelli, S.K.& Meyer, G.E.(2006). Psychology. Delhi (India): Pearson Education, Inc.

Clark, K. E. & Miller, G. A. (eds.) (1970). Psychology. Englewood Cliffs, NJ: Prentice Hall.

Coon, D. & Mitterer, J.O. (2007). Introduction to Psychology: Gateways to Mind and Behaviour (11th edition). Delhi (India): Thomson Wadsworth.

Coon, D. & Mitterer, J.O.(2008). Psychology: A Journey. (3rd edition). Delhi (India): Thomson Wadsworth.

Dandapani, S. (2004). General Psychology. Hyderabad (India): Neelkamal Publications Pvt. Ltd.

Das,J.P.(19980. The Working Mind: An Introduction to Psychology, New Delhi, Sage Publication

Eysenck, M.W.(2004). Psychology: An International Perspective. Psychology Press.

Feldman, R.S.(2004). Understanding Psychology (6thedition), New Delhi (India): Tata McGraw Hill.

Hilgard, E. R., Atkinson, R. C., & Atkinson, R.L. (1975). Introduction to Psychology (6th edition). New Delhi: Oxford & IBH Publishing Co.

James, W. (1890). The Principles of Psychology. N.Y.:Holt.

Lahey, Benjamin B. (1998). Psychology: An Introduction. New Delhi; Tata McGraw-Hill Publishing Company Limited.

Morgan, C. T., King, R. A., Weisz, J. R. & Schopler, J. (1986). Introduction to Psychology (7th edition). New Delhi: Tata McGraw-Hill.

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

Nairne, J.S. (2003). Psychology: The Adaptive Mind (3rd edition). USA:Wadsworth.

Parameswaran, E.G. & Beena, C. (1988). Invitation to Psychology. New Delhi: Tata McGraw-Hill Publishing Company Limited.

Parameswaran, E.G. & Beena, C. (2002). An Invitation to Psychology. Hyderabad (India): Neelkamal Publications Pvt. Ltd.

Rathus, S.A. (2008). Psychology: Concepts & Connections. (9th edition). Canada: Wadsworth.

Rush, Harold M.F.(1972).The world of work and the behavioural sciences: A perspective and an overview. In Fred Luthans (Ed.). Contemporary readings in organisational behaviour. New York. McGraw-Hill Book Company.

Schick, T. & Vaughn, L.(2001). How to think about weird things: Critical thinking for a new age. New York: McGraw-Hill.

Tavris,C. & Warde,C. (1997). Psychology in Perspective (2nd Ed). New York: Addison Wesley Longman, Inc.

Woodworth, R. S. (1948). Contemporary Schools of Psychology. New York: Ronald.

Dalal, A. K. (2011). A journey back to the roots: Psychology in India. *Foundations of Indian Psychology Volume 1: Theories and Concepts*, 27.

Jain, A. K. (2005). Psychology in India. *The Psychologist*, *18*(4), 206-208.

Misra, G., & Paranjpe, E. A. C. (2012). Psychology in modern India. In*Encyclopedia of the history of psychological theories* (pp. 881-892). Springer US.

Singh, A. K. (1991). *The comprehensive history of psychology*. Motilal Banarsidass Publication.

Bangalore University. Retrieved March 19, 2018, from www.bangaloreuniversity.ac.in

NIMHANS. Retrieved March 19, 2018, from http://www.nimhans.kar.nic.in/mhsp/default.htm

National Seminar on Psychology in India: Past, Present and Future. Retrieved March 18, 2018, from http://www.infinityfoundation.com/mandala/images/Souvenir-Internet1.pdf

History of Development of Psychology in India. Retrieved March 19, 2018, from http://anilpinto.blogspot.in/2014/04/subject-history-of-development-of.html

Mathew, V. G. (n.d.). A Short History of Indian Psychology. Retrieved March 19, 2018, from http://www.psychology4all.com/historyi.htm

# इकाई 2 मनोविज्ञान की प्रवृत्ति और क्षेत्र*

## इकाई की रूपरेखा


2.0 उद्देश्य

2.1 परिचय

2.2 मनोविज्ञानः इसका अन्य क्षेत्रों / विज्ञानों से संबंध है

2.3 मनोविज्ञान की प्रवृत्ति और उसके क्षेत्र

- 2.3.1 मनोविज्ञान का प्रारंभिक विभाजन
- 2.3.2 मनोविज्ञान के उपक्षेत्र
  - 2.3.2.1 जैव मनोविज्ञान
  - 2.3.2.2 संज्ञानात्मक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.3 तुलनात्मक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.4 सांस्कृतिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.5 प्रायोगिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.6 लैंगिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.7 अधिगम मनोविज्ञान
  - 2.3.2.8 व्यक्तित्व मनोविज्ञान
  - 2.3.2.9 शरीर क्रिया शारीरिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.10 संवेदना और प्रत्यक्षण मनोविज्ञान
  - 2.3.2.11 सामाजिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.12 नैदानिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.13 सामुदायिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.14 उपभोक्ता मनोविज्ञान
  - 2.3.2.15 परामर्श मनोविज्ञान
  - 2.3.2.16 शैक्षिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.17 एर्गोनॉमिक्स मनोविज्ञान
  - 2.3.2.18 औद्योगिक मनोविज्ञान
  - 2.3.2.19 चिकित्सा मनोविज्ञान
